जागरण

# साहा में खेत में बने फार्म हाउस में शराब की नकली फैक्ट्री पकड़ी



*अंबाला-जगाधरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर साहा में खेतों में बने एक फार्म हाउस में नकली देसी शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। यहा से देसी शराब बनाकर हरियाणा और दूसरे राज्यों में सप्लाई की जाती थी। साहा पुलिस ने 117 पेटी देसी शराब शराब से भरे 200 लीटर वाले छह ड्रम शराब बनाने का कच्चा माल खाली बोतलें और पैकिंग करने वाली मशीन बरामद की हैं।*

संवाद सहयोगी, साहा (अंबाला) : अंबाला-जगाधरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर साहा में खेतों में बने एक फार्म हाउस में नकली देसी शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। यहा से देसी शराब बनाकर हरियाणा और दूसरे राज्यों में सप्लाई की जाती थी। साहा पुलिस ने 117 पेटी देसी शराब, शराब से भरे 200 लीटर वाले छह ड्रम, शराब बनाने का कच्चा माल, खाली बोतलें और पैकिंग करने वाली मशीन बरामद की हैं। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। साहा पुलिस और आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारी रविवार रात 12:00 बजे तक मौके पर डटे रहे और बरामद सामान की गिनती करते रहे। डीटीसी आलोक पासी ने बताया कि कार्रवाई रात 8.30 बजे शुरू की गई। गौरतलब हो कि मार्च 2021 में भी साहा में नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी गई थी।



नारायणगढ़ में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत

साहा पुलिस को सूचना मिली थी कि खेत में बने एक फार्म हाउस में रात को मशीनें चलने की आवाज आती हैं। इसी सूचना पर डीटीसी आलोक पासी, डीएसपी रामकुमार और एपीओ भगत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने छापामारी की। यहा से पुलिस को खाली बोतलों के ढक्कन, लेबल, देसी शराब बनाने वाला केमिकल, खाली ड्रम सहित काफी माल मिला है।

---------- मार्च में भी साहा में पकड़ी थी फैक्ट्री

मार्च 2021 में भी साहा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी गई थी। यहा से हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश में शराब की तस्करी की जा रही थी। यहा से पुलिस ने देसी शराब की बोतलें बरामद की थीं। साथ ही नकली शराब के लिए केमिकल भी बरामद हुआ था। हजारों की तादाद में ढक्कन, खाली बोतलें, रैपर मिले थे। अभी इस मामले की जाच चल ही रही थी रविवार एक और फैक्ट्री पकड़ी गई।

source:- https://www.jagran.com/haryana/ambala-fake-liquor-factory-caught-in-farm-house-in-saha-21671260.html